देगलूर महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह सम्पन्न

देगलूर महाविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री व प्रमाण-पत्र प्रदान करते प्राचार्य डॉ. अनिल चिद्रावार, अध्यक्ष प्रकाश पाटिल बेम्ब्रेकर, सचिव शशिकांत चिद्रावार व अन्य।

देगलूर, 29 सितंबर (मिलाप ब्यूरो)

स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय नांदेड़ एवं देगलूर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में डिग्री प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष आढ़त व्यापारी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश पाटिल बेम्ब्रेकर थे। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षण संस्थान के सचिव शशिकांत चिद्रावार, उपाध्यक्ष नारायणराव मैलागिरे, सहसचिव सूर्यकांत नार्लावार, कार्यकारी सदस्य रवीन्द्र अप्पा ध्याडे उपस्थित थे।

मंच पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल चिद्रावार, उपप्राचार्य निवृत्ति गोविंदवार और कॉलेज विकास समिति के सदस्य डॉ. लक्ष्मण सुदाम, डॉ. संजय पाटिल, डॉ. सर्जेराव रनखांब, डॉ. किशन सुनेवार, राजू जंगिलवार उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्रवेश द्वार से जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और स्वामी रामानंद तीर्थ की प्रतिमा का पूजन कर किया गया। इसके बाद गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में 56 छात्रों को स्नातक की डिग्री व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ. रत्नाकर लक्षतट ने किया और आभार डॉ. बालाजी कतुरवार ने व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner